संक्षिप्त

शिविर अभियान की तैयारियों की समीक्षा

उदयपुर। जिला कलक्टर नमित मेहता ने सोमवार शाम को आगामी 17 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले शहरी सेवा शिविर तथा ग्रामीण सेवा शिविर अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठकवीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से ली। जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि अभियान के माध्यम से राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसमें किसी भी तरह की कौताही नहीं बरती जाए। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को वार्ड एवं ग्राम स्तर पर प्रस्तावित शिविरों को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने, सभी संबंधित विभागों की शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं में पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत जोड़ते हुए सेचुरेशन का लक्ष्य अर्जित करें। उन्होंने अभियान को लेकर राज्य सरकार की ओर से जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों से भी अगवत कराया। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, गिर्वा एसडीएम अवुला साइकृष्ण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से जुड़े।

जर्जर स्कूलों भवनों का जायजा किया

उदयपुर । उच्च न्यायालय जयपुर के निर्देशो के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा ने उदयपुर जिले में विद्यालयों के जर्जर/असुरक्षित होने की स्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण किया। शर्मा ने सेक्टर 14 स्थित डाईट कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती, अतिरिक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश बंसल एवं 20 तहसीलों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे । शर्मा ने बताया कि जिले में विद्यालयों के जर्जर/असुरक्षित होने की स्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण किया जाकर रिपोर्ट जयपुर स्थित अधिकारीगण को प्रेषित की जाएगी । बैठक में विशेष रूप से सक्षम बालक-बालिकाओ हेतु आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अधिकाधिक बच्चो के भाग लेने हेतु जागरूक करने के भी निर्देश प्रदान किये गए ।

नगर निगम कर्मचारी उपमुख्यमंत्री से मिले

उदयपुर, (का.स.)। राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन पदाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर कर्मचारियों को आर जी एच एस योजना में आ रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पिछले कई समय से आर जी एच एस योजना को लेकर निगम कर्मचारियों को कई तरह से समस्या हो रही थी जिसको लेकर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों को आ रही समस्याओं के समाधान जल्द किया जाएगा। मुलाकात के दौरान राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान, महामंत्री महेश गोयर,दलपतसिंह चौहान,सुनीता शर्मा,पवन कोठारी,नरेन्द्र माली, ओमप्रकाश मेघवाल,नितिन चौहान,नीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जनजाति स्काउट-गाइड महोत्सव शुरू

उदयपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव का शुभारंभ संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में संभागीय आयुक्त का मेवाड़ी परंपरानुसार इकलाई और मेवाडी पाग पहनाकर तथा स्काउट परंपरानुसार स्कार्फ पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि महक सनाढ्य का भी मेवाड़ी परंपरानुसार तथा स्काउट परंपरानुसार स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त सुश्री केवलरमानी ने कहा कि इस महोत्सव में मुझे आकर बहुत ही ज्यादा सुखद अनुभूति हो रही है। विविधता में एकता का यह बहुआयामी संगम के साथ साथ इन स्काउट्स गाइड्स को उनकी प्रतिभाओं को निखरित करने का सुनहरा मंच प्रदान करने में कामयाब रहेगा।

आधुनिक विकास की जड़ों में है हमारा वेदिक ज्ञान : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर। सनातम धर्म शाश्वत है, सनातन वही जो अच्छे आचरण करे, ईमानदार बने, किसी को कष्ट नहीं पहुंचाये। सनातन वसुधैव कुटुम्ब की बात करता है। आधुनिकता की आज हम बात करते है उसकी जड़े हमारा वेदिक ज्ञान प्राचीनकाल से ही नीहित है। हम विश्व गुरू तभी बन पायेंगे जब हमें वेदों का ज्ञान होगा, ज्ञान के साथ इसका प्रसार भी जरूरी है आज की युवा पीढ़ी इससे दूर होती जा रही है जिन्हें भी इससे जोडना होगा।

उक्त विचार सोमवार को राजस्थान विद्यापीठ के संघटक साहित्य संस्थान एवं महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय वेद ज्ञान सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा सिर्फ सूचना देने मात्र तक की रह गयी है, वेदों को जीवन में आत्मसात करके आगे बढ़ेगे , तभी भारत पुनः विश्व गुरू बन पायेगा।

मुख्य वक्ता कल्लाजी वैदिक विवि निम्बाहेडा के कुलपति प्रो. महेश दीक्षित ने वेदों में आयुर्विज्ञान विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि विश्व का पुरातन ज्ञान वेद है, वेदों को हमें समझना होगा। आयुर्वेद को पंचम वेद का नाम दिया गया है। आज के परिप्रेक्ष्य में हमारा ज्ञान सिर्फ रोजगारपरक मात्र हो गया है। हमे स्वस्थ रहना है तो हमें जीवन में सामवेद केा आत्मसात करना होगा। विशिष्ठ अतिथि डॉ. हरस्वरूप वशिष्ठ ने कहा कि आज विश्व का हर व्यक्ति सुखी रहना तो चाहता है , यह भौतिक संसाधनों से नहीं हो सकता, इसके लिए तो उसे वेदों को आत्मसात कर ही सुखी हो सकता है। विश्व में शांति आध्यात्मवाद से ही संभव है।

- **डॉ. शोभालाल औदिच्य, प्रो. नीरज शर्मा, डॉ. रचना जोशी, डॉ. सुरेन्द्र द्विवेदी, डॉ. भगवती शंकर व्यास का अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**

प्रारंभ में निदेशक प्रो. जीवन सिंह खरकवाल ने समारोह की जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ. महेश आमेटा ने बताया कि सात दिवसीय वेद सप्ताह के तहत शहर के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी लोकमान्य तिलक प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्रा आरती प्रजापत, आरती पालीवाल, कुसुम कुंवर चौहान, निम्बार्क शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के गौरव चौबीसा, राजेश कुमार गुर्जर एवं वेद व्याख्यानकर्ता डॉ. महेश दीक्षित, डॉ. पंकज कुमार शर्मा, डॉ. शोभालाल औदिच्य, प्रो. नीरज शर्मा, डॉ. रचना जोशी, डॉ. सुरेन्द्र द्विवेदी, डॉ. भगवती शंकर व्यास का अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. कुलशेखर व्यास, आभार डॉ. महेश आमेटा ने जताया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. तिलकेश आमेटा, जयकिशन चौबे, प्रो. विमल शर्मा, गणेशलाल नागदा, इन्द्रसिंह राणावत, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. मिनेष भटट्, मनोहर लाल मुंदडा, संगीता जैन, कमला शर्मा, सुनील त्रिपाठी, नारायण पालीवाल, शोयब कुरेशी, आनंद कुमार सहित ज्योतिषविद् उपस्थित थे।

सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण संपन्न

उदयपुर । श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से चलाए गए सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण में भाग लेने वाली के दूसरे बैच की छात्राओं की परीक्षा सोमवार को संपन्न हुई। इसमें उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को अब अलग-अलग रोजगार से जोडा जाएगा।

संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु की थी। इसमें 250 से ज्यादा महिलाओं को सिलाई व ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया।

दूसरे बैच में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं के लिए सोमवार को नेहरु छात्रावास स्थित फैशन डिजाइन कॉलेज में परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के दौरान संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके बाद उत्तीर्ण महिलाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीसरे बैच के सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ भी जल्द होगा। इससे पूर्व दूसरे बैच की छात्राओं को रोजगार से जोडा जाएगा।

कारागृह एवं महिला जेल का त्रैमासिक निरीक्षण किया

- **बंदीगण ने बताया कि जेल में क्षमता से अधिक बंदीगण निरूद्ध होने के कारण रात को सोने में काफी समस्या आती है**

उदयपुर । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मनीष कुमार वैष्णव, कुलदीप शर्मा एवं विजिटर्स बोर्ड ने केन्द्रीय कारागृह उदयपुर एवं महिला जेल का त्रैमासिक निरीक्षण किया ।

प्राधिकरण सचिव व एडीजे शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के समय विजिटर्स बोर्ड के सदस्य एडीएम दीपेन्द्र सिंह राठौड, कनिष्ठ अभियंता पीडब्युडी राजपाल सिंह, उपधीक्षक सिटी पूर्व छगन राजपुरोहित, मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामनिया, संयुक्त निदेशक सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग गिरीश भटनागर तथा एडीईओ मुरलीधर चौबीसा उपस्थित रहे । इस अवसर पर केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक राजपाल सिंह एवं अन्य जेल अधिकारीगण उपस्थित रहे । महिला जेल का भी विजिटर्स बोर्ड द्वारा निरीक्षण किया गया । केन्द्रीय कारागृह उदयपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जेल में क्षमता से अधिक बंदीगण निरूद्ध है । केन्द्रीय कारागृह के बैरके में जो शौचालय है उनकी टॉईलेट शीट्स टूटी हुई पाई गई। बंदीगण ने बताया कि जेल में क्षमता से अधिक बंदीगण निरूद्ध होने के कारण रात को सोने में काफी समस्या आती है । जेल के एक बैरेक के शौचालय में रोशनदान नहीं होने एवं एक्जास्ट पंखा नंही होने से बदबू बैरेक मे फैलना पाया गया । बंदीगण ने जेल में ठीक व सन्तोषप्रद खाना एवं नाश्ता मिलना बताया।

विधि विद्यार्थियों ने लोक अदालत का भ्रमण किया

उदयपुर । पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर के पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ के समस्त विधि विद्यार्थियों ने लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न्याय प्रक्रिया के वैकल्पिक माध्यम - लोक अदालत - की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और जाना।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमन्त कोठारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोक अदालत की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न केवल न्याय

- **विद्यार्थियों ने न्याय प्रक्रिया के वैकल्पिक माध्यम - लोक अदालत - की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और जाना**

प्रक्रिया को सरल, सुलभ और शीघ्र बनाती है, बल्कि समाज में आपसी समझ और मेल-मिलाप को भी बढावा देती है। पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. पुष्पा ने भी विद्यार्थियों को लोक अदालत की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

महाराज अग्रसेन अवतरण दिवस पर शोभायात्रा व विविध कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर । श्री श्री 1008 महाराजा श्री अग्रसेन जी के 5149वें अवतरण दिवस को श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति धूमधाम से मनाएगी। इस साल भव्य शोभायात्रा के साथ ही विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें सर्व अग्रवाल समाज भागीदारी कर रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रमों में रक्तदान, गौवंश को चारा, मरीजों को फल वितरण, वृक्षारोपण, वाहन रैली, हवन पूजन, झंडारोहण तथा सांस्कृतिक संध्या की रचना की गई है।

कार्यक्रम के बारे में मुख्य संयोजक अशोक अग्रवाल तथा प्रचार प्रसार समिति संयोजक रवींद्र अग्रवाल व राजेश अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों के तहत 17 सितंबर को सुबह 9 बजे महाकाल मंदिर में स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाकर समाज व देश के उत्थान की कामना की जाएगी। 18 सितंबर को सुबह 9 बजे एमबी हॉस्पीटल में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा जिसमें समाज के कई लोग मौजूद रहकर इस पुण्य काम को पूरा करेंगे। हमारी इस धरती को हरा भरा रखने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 19 सितंबर को गुलाबबाग में सुबह 9 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया है जिसमें बडी संख्या में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को श्री वैष्णव अग्रवाल समाज के तत्वावधान में विशाल वाहन रैली शहर में निकाली जाएगी जो श्री अग्रवाल भवन, सूरजपोल से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम22 सितंबर को श्री अग्रसेन महाराजा की जयंती के असवर होगा जिसमें सुबह 8 बजे नागरमल अग्रवाल के तत्वावधान में श्री अग्रवाल भवन सूरजपोल पर हवन, पूजन व झंडारोहण कार्यक्रम होगा और दोपहर साढे तीन बजे निम्बार्क कॉलेल प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आर.सी.एम. की रूपांतरण यात्रा कल उदयपुर में

उदयपुर। भारत की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम द्वारा आयोजित रूपांतरण यात्रा उदयपुर में 17 सितम्बर को पहुँचेगी। यह यात्रा आरसीएम की 25वीं वर्षगाँठ के उत्सव का हिस्सा है। यह यात्रा स्थानीय लोगों के लिए नए आजीविका के अवसर और आत्मनिर्भरता की और अग्रसर करेगी, साथ ही महिला उद्यमियों, युवा लीडर्स और समाज सेवा में सक्रिय व्यक्तियों की कहानियाँ प्रस्तुत करेगी।

- **आयोजित रूपांतरण यात्रा उदयपुर में 17 सितम्बर को पहुँचेगी। यह यात्रा आरसीएम की 25वीं वर्षगाँठ के उत्सव का हिस्सा है। यह यात्रा स्थानीय लोगों के लिए नए आजीविका के अवसर और आत्मनिर्भरता की और अग्रसर करेगी**

मैनेजिंग डायरेक्टर, सौरभ छाबडा ने कहा कि यह 100 दिवसीय यात्रा 17 हजार किलोमीटर का सफर तय करते हुए 75 शहरों से गुजरेगी और 25 मेगा सेलिब्रेशन आयोजित करते हुए सेवा, स्वास्थ्य और संस्कार का संदेश पूरे भारत में पहुँचाएगी। यह यात्रा इस दृष्टिकोण को और मजबूत बनाती है कि आरसीएम केवल डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी नहीं, बल्कि एक जन-आधारित और जीवनमूल्यों से प्रेरित अभियान हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि उदयपुर के निवासियों को आरसीएम की विस्तृत प्रॉडक्ट रेंज का अनुभव करने, नए अवसर पाने, और यह देखने का मौका मिलेगा कि यह जन-आधारित आंदोलन भारत भर में कैसे जिंदगियों को सकारात्मक रूप से बदल रहा है। सन् 2000० में शुरुआत के बाद, आरसीएम ने हजारों लोगों की सफलता की कहानियों को पोषित किया है। गृहणियों, सेवानिवृत्त लोगों, युवाओं और यहाँ तक कि शराब के नशे से उबरने वाले व्यक्तियों को भी सशक्त बनाया है, ताकि वे समग्र सफलता प्राप्त कर सकें और सम्मान के साथ अपने जीवन का पुनर्निर्माण कर सकें।

सीईओ मनोज कुमार ने कहा कि उदयपुर में आयोजित होने वाला कार्यक्रम आरसीएम की 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित है, न्यू नवरतन रोड , बेदला स्थित इडेन कोर्ट अपार्टमेन्ट्स के पास किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 7 बजे आरसीएम प्राणगीत से शुरू होगा, जो आरसीएम के मुख्य उद्देश्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत करेगा, इसके बाद शारीरिक फिटनेस को बढावा देने के लिए एक योग सत्र होगा। स्वास्थ्य क्रांति के साथ-साथ आरसीएम द्वारा उठाए गए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित पहलों का परिचय दिया जाएगा। उपस्थित लोग सेवा गतिविधि में भाग लेंगे और एक डॉक्यूमेंट्री में आरसीएम की प्रभावशाली यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा।

विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 1683 केस दर्ज, 1035 गिरफ्तार

उदयपुर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए अगस्त माह में 2 लाख 96 हजार 36 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 1683 केस दर्ज करते हुए 1035 को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में अगस्त माह में 2 लाख 96 हजार 36 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 8694, देशी मदिरा की 10548, अवैध मदिरा की 9533, बीयर की 2038 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग एवं 1510 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत अगस्त माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 1683 केस दर्ज करते हुए 1035 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

- **प्रदेश में दो लाख 96 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट**
- **विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की**

पैसिफिक में इंजीनियर्स डे उत्सव मनाया

उदयपुर । पैसिफिक यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संकाय में इंजीनियर्स डे का शुभारंभ विवि के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इंजीनियर समाज के विकास की नीव होते हैं। उन्होंने युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता और जिम्मेदारी का भाव रखने की प्रेरणा दी तथा कहा कि आने वाले समय में नवाचार और सतत विकास ही इंजीनियरिंग का भविष्य तय करेंगे।मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित ऑटो 360 उदयपुर के निदेशक इंजीनियर अनिरुद्ध कोठारी ने महान अभियंता भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे विश्वेश्वरैया की तरह अपनी रचनात्मकता और मेहनत से देश की प्रगति में योगदान दें। उन्होंने छात्रों को नई तकनीकों, ऑटोमेशन और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में रोनक अमेटा ने प्रथम स्थान, नकुल जैन ने द्वितीय स्थान और नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में नम्रता एवं प्रियका ने संयुक्त रूप से प्रथम, पलक ने द्वितीय तथा शाहीन खान और मोलि जैन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयोजन डॉ. नरेश मेनारिया ने किया।फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के कोऑर्डिनेटर डॉ. अक्षत सिंह झाला ने आभार व्यक्त किया।

- **कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया**
- **निदेशक इंजीनियर अनिरुद्ध कोठारी ने महान अभियंता भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला**

31 लाख से अधिक अपात्रों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा

उदयपुर । गिव अप अभियान राज्य में सामाजिक न्याय, खाद्य सुरक्षा सूची शुद्धिकरण, स्वैच्छिक त्याग की भावना व निर्धन सेवा का पर्याय बन गया है। यह अभियान न केवल नैतिकता आधारित आमजन की सोच को उजागर कर रहा है, बल्कि सहयोग और समन्वय का मार्ग भी दिखा रहा है। गिव अप अभियान गरीब के हक में को सेंधमारी न हो, इस सोच को सामाजिक कर्तव्य और धर्म में बदल रहा है। ऐसे में समाज के सक्षम तबके के अक्षम और गरीबों के प्रति दायित्व और अधिक बढ़ जाते हैं। यह उद्गार राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने खाद्य आपूर्ति सेवा समिति एवं विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में व्यक्त किये।गिव अप अभियान तथा खाद्य सुरक्षा सूची में नये नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया का फीडबैक ले रहे थे।

नंद घर ने किया पोषण माह का शुभारंभ, 3.5 लाख परिवार हुए शामिल

उदयपुर । वेदांता की प्रमुख सामाजिक प्रभाव पहल नंद घर एक राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम है, जो आंगनवाडियों को आधुनिक बनाकर उन्हें समुदाय विकास के जीवंत केंद्रों में बदल रहा है। यह कार्यक्रम पोषण, प्रारंभिक बाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ और महिला सशक्तिकरण जैसी एकीकृत सेवाएँ प्रदान करता है, ताकि समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से, नंद घर ने पोषण माह 2025 के उपलक्ष्य में एक मासिक अभियान शुरू किया है, जो 15 राज्यों में 3.5 लाख से अधिक परिवारों तक पहुंचेगा। पोषण से प्रगति विषय पर आधारित यह अभियान जागरूकता बढाने, स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण समुदायों को सरल व सतत पोषण समाधान अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे ग्रामीण भारत में कुपोषण से लडने में मदद मिलेगी।

- **भारत के दूर-दराज गाँवों तक पहुँचेगा नंद घर का सहयोग**

प्रत्यक्ष पोषण सहायता ङ्क्त यह सुनिश्चित करती है कि ग्रामीण भारत के बच्चों को जीवन की स्वस्थ शुरुआत मिले, फोर्टिफाइड सप्लीमेंट्स और न्यूट्री बार्स तथा प्रोटीन शेक जैसी नवाचारों के माध्यम से। साथ ही, यह पहल परिवारों तक सरकारी पोषण योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करती है। सामुदायिक जागरूकता ङ्क्त यह अभिभावकों को प्रशिक्षण, परामर्श और बच्चों की वृद्धि की निगरानी के माध्यम से सशक्त बनाती है, साथ ही परिवारों को सीखने और स्थानीय स्त्रोतों और देशज सामग्री का उपयोग कर सरल, सतत पोषण प्रथाओं को अपनाने के लिए सामुदायिक नेटवर्क में जोडती है। प्रौद्योगिकी एकीकरण और साझेदारियाँ यह समुदायों को आधुनिक उपकरणों और विश्वसनीय संस्थाओं से जोडती है, जिससे बच्चों की प्रगति का ट्रैक रखना, समय पर सहायता प्रदान करना और नवीन खाद्य समाधानों को अपनाकर रोजमर्रा के आहार को बदलना आसान होता है।

नंद घर से जुडे बच्चे को फोर्टिफाइड पोषण, संरचित प्रारंभिक शिक्षा और व्यवस्थित स्वास्थ्य निगरानी मिलती है। इस एकीकृत सहयोग से बच्चों का स्वास्थ्य, एकाग्रता और विद्यालयी तैयारी बेहतर होती है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखी जाती है। इस वर्ष 12 सितम्बर से, देशभर के नंद घर पोषण जागरूकता और व्यवहार के जीवंत केंद्रों में बदल जाएंगे। इस अभियान के तहत रेसिपी प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें परिवारों को स्थानीय रूप से उपलब्ध, कम लागत और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही अभिभावक प्रशिक्षण सत्र भी होंगे, जिनमें आहार संबंधी प्रथाओं, मातृ स्वास्थ्य और बच्चों की वृद्धि की निगरानी पर ध्यान दिया जाएगा।

प्रपत्र संख्या-7 (देखिये नियम 21)

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2024/24

चूंकि प्रार्थी श्री हरिसिंह, भूदान भाग सपोल राजसमंद राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास

ग्राम विकास समिति भूदान, भूदान भाग सपोल राजसमंद राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 20.11.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर

प्रपत्र संख्या-7 (देखिये नियम 21)

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2025/141

चूंकि प्रार्थी श्री टमू बाई, खेरवडो की भागल राजसमंद राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास

ग्राम विकास कोष खेरवडो की भागल , खेरवाडो की भागल राजसमंद राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 19.11.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर

प्रपत्र संख्या-7 (देखिये नियम 21)

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2025/126

चूंकि प्रार्थी श्री फिरोज हुसैन, 77- D रोड खारोल कॉलोनी उदयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास

दाऊदी बोहरा चेरीटेबल सोसायटी, 73 DR ZAKIR HUSSAIN MARG BOHARWADI UDAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 18.11.2025

सहायक आयुक्त दे